भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *139**
**01 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए**

## इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट का शुभारंभ

*139. श्री मोकरिया रामभाईः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस्पात मंत्रालय द्वारा आरंभ की गयी नई वेबसाइट की प्रमुख विशेषताएं और लाभ क्या हैं;

(ख) मंत्रालय सार्वजनिक सहभागिता और सेवा वितरण पर इस वेबसाइट के प्रभाव की निगरानी किस प्रकार कर रहा है; और

(ग) विभिन्न प्रयोक्ता समूहों के बीच वेबसाइट के बारे में जागरूकता और इसका उपयोग बढ़ाने के लिए क्या पहल किए जाने की योजना है?

**उत्तर**

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट का शुभारंभ" के संबंध में श्री मोकरिया रामभाई, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 01 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए प्रस्तुत किए गए राज्य सभा तारांकित (*) प्रश्न संख्या *139 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) इस्पात मंत्रालय की लॉन्च की गई नई वेबसाइट आधुनिक, उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस के माध्यम से पारदर्शिता, सुगमता और दक्षता को बढ़ाती है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में प्रभावी साइबर सुरक्षा उपाय और व्यापक जनसंपर्क के लिए भाषिणी के माध्यम से बहुभाषीय सहयोग शामिल है।

(ख) मंत्रालय वेबसाइट ट्रैफिक विश्लेषण और उपयोगकर्ता सहभागिता मैट्रिक्स के माध्यम से जन भागीदारी और सेवा प्रदायगी पर वेबसाइट के प्रभाव की निगरानी करता है।

(ग) जागरूकता और उपयोग बढ़ाने के लिए, मंत्रालय सोशल मीडिया आउटरीच के माध्यम से लक्षित अभियान चलाता है।

*****